प्रादेशिक समाचार

दिनांक–08.04.2024 (दोपहर–1455 बजे)

चतरा लोकसभा सीट पर भारतीय जनता पार्टी के अलावा अभी तक किसी राष्ट्रीय दल ने प्रत्याशी के नाम की घोषणा नहीं की है। चतरा से भाजपा ने स्थानीय काली चरण सिंह को मौका दिया है। विपक्षी इंडिया गठबंधन की ओर से अभी तक किसी उम्मीदवार के नाम पर सहमति नहीं बन पाई है। मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों में राष्ट्रीय समानता दल ने फिल्मकार श्रीराम डालटन की पत्नी मेघा श्रीराम को चतरा से उम्मीदवार घोषित किया है। सदान विकास मोर्चा ने संजय ठाकुर के नाम की घोषणा चतरा सीट से की है। बहुजन समाज पार्टी ने भी राज्य के सभी चौदह लोक सभा सीटों पर चुनाव लड़ने की घोषणा की है।

****

लोकसभा चुनाव को लेकर पुलिस लगातार चेकिंग अभियान चला रही है। इसी कड़ी में बीती रात पुलिस ने रांची जिले के राहे थाना क्षेत्र के कोकरोडीह से इरिसरिंग रोड पर चेकिंग के दौरान भारी मात्रा में विस्फोटक सामग्री बरामद की। थाना प्रभारी फैज अहमद ने आज बताया कि इस मामले में अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर जांच की जा रही है।

****

रांची के जिला अभिलेखागार में से दस्तावेजों की चोरी मामले की जांच करने आज सिटी एसपी राजकुमार मेहता रिकॉर्ड रूम पहुंचे। इस दौरान उन्होंने घटनास्थल का बारीकी से जायजा लिया और कार्यालय में मौजूद कर्मियों से पूछताछ की। पुलिस अधीक्षक ने लगभग आधे घंटे तक वहां जांच पड़ताल की। उन्होंने बताया कि जल्द ही इस मामले का खुलासा किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि चार अप्रैल को जिला अभिलेखागार से जमीन के दस्तावेजों की चोरी हुई थी। इसके बाद रिकॉर्ड रूम इंचार्ज के लिखित आवेदन पर कोतवाली थाना में प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

****

झारखंड उच्च न्यायालय में तीन सप्ताह में राज्य में निकाय चुनाव की अधिसूचना जारी करने के चार जनवरी 2024 के एकल पीठ के आदेश को रद्द करने को लेकर राज्य सरकार की अपील (एलपीए) की जल्द सुनवाई का आग्रह सोमवार को किया गया। न्यायाधीश एस चंद्रशेखर की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने एकल पीठ के द्वारा पारित आदेश पर रोक लगाने से इनकार कर दिया। साथ ही मामले की सुनवाई दो सप्ताह बाद निर्धारित की है।

****

लोहरदगा जिला के सेन्हा थाना क्षेत्र के सेरेंगहातु गांव में स्थित एक सैलून में आज सुबह अज्ञात अपराधियों ने अड़तालीस वर्षीय व्यवसायी नरेश साहू उर्फ़ शिबू साहू की गोली मारकर हत्या कर दी। घटना उस वक्त हुई जब नरेश साहू सलून में सेविंग करा रहे थे। पुलिस ने इस मामले में सैलून संचालक के साथ दो लोगों को हिरासत में लिया है। पुलिस अधीक्षक हारिश बिन जमा ने बताया कि पुलिस पूरे मामले की पड़ताल कर रही है।

****

पलामू संसदीय सीट के लिए चौथे चरण में 13 मई को वोट डाले जाएंगे। इसके लिए ईवीएम और वीवीपैट को तैयार करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गयी है। विस्तृत जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता–

साउंड बाईट – जसप्रीत सिंह, पलामू – 47 सेकेंड

****

गुमला के उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में ईद उल फितर, सरहुल तथा रामनवमी को लेकर जिला मुख्यालय स्थित सूचना भवन के सभागार में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। इस मौके पर जिला पुलिस अधीक्षक शम्भू कुमार सिंह ने शांति समिति के सदस्यों से कहा कि सभी त्योहार को मिलजुल कर मनाएं और आपसी भाईचारा को बनाए रखें। वहीं जिला उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने कहा कि शांति समिति के सदस्यों को निर्देशित किया गया है कि वे त्योहार के दौरान आचार संहिता का उल्लंघन नहीं करें।

****

जमशेदपुर में बैसाखी पर्व पर साकची गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की ओर से चार दिवसीय बैसाखी सभ्याचार मेला का आयोजन किया जा रहा है। 13 से 16 अप्रैल तक साकची गुरुद्वारा मैदान में आयोजित मेले को ऐतिहासिक बनाने के लिए तैयारी शुरू कर दी गई है।

****** **समाप्त** ******